(b) whether any survey for the link has been conducted; and

(c) if so, the details thereof?

THE MINISTER OF TOURISM AND CIVIL AVIATION (SHRI A. P. SHARMA): (a) The matter is under consideration.

(b) Yes, Sir.

(c) Survey report indicated that the Indian Community settled in Zimbabwe is around 15,000. In view of the large Indian community and also possibility of promoting tourist traffic from Zimbabwe to India, the survey team has recommended a weekly service between Bombay and Salisbury.

जयपुर-चित्तौड़ और उदयपुर-चित्तौड़ विमान सेवा

689. **प्रो० विमला कुमारी शक्तावत :** क्या पर्यटन और नागर विमानन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या राजस्थान में ऐतिहासिक नगर चितौड़गढ़ में प्राचीन संस्कृति के मूल्यवान स्मारक विद्यमान हैं;

(ख) इस क्षेत्र का पर्यटन की दृष्टि से विकास करने के विचार से सरकार की योजना का स्वरूप क्या है; और

(ग) क्या विदेशी पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए जयपुर-चितौड़ तथा उदयपुर-चितौड़ विमान सेवा आरम्भ करने की कोई योजना है ?

पर्यटन और नागर विमानन मंत्री (श्री अनन्त प्रसाद शर्मा) : (क) जी हां ।

(ख) केन्द्रीय सैक्टर के अन्तर्गत चितौड़-गढ़ में पर्यटक सुविधाओं का विकास करने का फिलहाल कोई प्रस्ताव नहीं है ।

(ग) जी, नहीं ।

गुजरात को कच्चे लोहे की मांग

690. **श्री मोती भाई आर० चौधरी :** क्या इस्पात और खान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गुजरात की कच्चे लोहे (पिग आयरन) की वार्षिक मांग कितनी है और वह कितनी पूरी की जाती है,

(ख) इस मांग को पूरा करने के लिए सरकार का क्या कार्यवाही करने का विचार है ;

(ग) इस वर्ष 30 अक्तूबर, 1980 तक कितनी मात्रा में कच्चे लोहे का आवंटन किया गया है और गत दो वर्षों की तुलना में यह कितना कम था ; और

(घ) नये उद्योगों के परिणामस्वरुप कच्चे लोहे की मांग में कितनी वृद्धि हुई है ?

वाणिज्य तथा इस्पात और खान मंत्री (श्री प्रणब मुखर्जी) : (क) तथा (ख). कच्चे लोहे की मांग का राज्यवार अनुमान नहीं लगाया गया है। कच्चे लोहे का राज्यवार आवंटन करने की भी कोई व्यवस्था नही है।

(ग) संयुक्त संयंत्र समिति द्वारा लोहे का इस्पात सामग्री के वितरण के लिए जारी किए गये मार्गदर्शी सिद्धांतों के अनुसार कच्चे लोहे का वितरण अब 1976-77 से 1978-79 के तीन वर्षों में की गई औसतन खरीद के आधार पर किया जा रहा है। इस आधार पर गुजरात की सभी इकाइयों की कुल खरीद लगभग 11,000 टन प्रतिमास बैठती है। इसकी तुलना में अप्रैल से अक्तूबर, 1980 में सप्लाई 66,500